दिनांक–16.03.2024 समय–07.10pm

आकाशवाणी, भोपाल
सांध्यकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- लोकसभा चुनावों की तारीखों का ऐलान, 19 अप्रेल से सात चरणों में होगा मतदान। 4 जून को आयेंगे नतीजे।
- मध्यप्रदेश में चार फेज में सम्पन्न होगा लोकसभा चुनाव।
- लोकसभा के साथ ही आंधप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, उड़ीसा और सिक्किम में विधान चुनाव कार्यक्रम भी घोषित।

और

- प्रदेश में फिर बदलेगा मौसम, अगले 4 दिन कई जिलों में बारिश की संभावना।

...............

लोकसभा चुनाव

देश में सात चरणों में लोकसभा चुनाव कराये जायेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए आज तारीखों की घोषणा करते हुए बताया कि 19 अप्रेल को पहले चरण का मतदान होगा, जबकि एक जून को अंतिम चरण के लिये वोट डाले जायेंगे। मतगणना 4 जून को होगी। निर्वाचन आयोग ने आज नई दिल्ली में लोकसभा चुनावों के साथ–साथ कुछ राज्यों में विधानसभा चुनावों के कार्यक्रम की भी घोषणा की। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि निर्वाचन आयोग भारतीय लोकतंत्र के सबसे बडे पर्व के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने बताया कि देश में 97 करोड पंजीकृत मतदाता हैं। मतदान के लिए साढ़े दस लाख मतदान केंद्र बनाए गए हैं जहां डेढ़ करोड़ चुनाव कर्मियों को तैनात किया जाएगा। उन्होंने मतदाताओं से मतदान में भाग लेने की अपील करते हुये कहा कि आयोग ने देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिये पुख्ता इंतजाम किये है। उन्होंने कहा कि इन चुनावों में पहली बार वोट देने वाले एक करोड 82 लाख मतदाता होंगे। श्री कुमार ने बताया कि आयोग 85 वर्ष से अधिक आयु के लोगों और दिव्यांगजनों को घर से ही मतदान करने की सुविधा प्रदान करेगा। उन्होंने यह भी बताया कि राजनीतिक पार्टियों को यह भी बताना होगा कि उन्होंने गम्भीर आपराधिक मामलों वाले उम्मीदवारों को चुनाव में क्यों उतारा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि चुनावों में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है और यदि कहीं हिंसा हुई तो आयोग कडी कार्रवाई करेगा। मौजूदा लोकसभा का कार्यकाल इस वर्ष 16 जून को समाप्त हो रहा है।

प्रदेश लोकसभा चुनाव

मध्यप्रदेश की 29 सीटों पर चार चरणों में लोकसभा चुनाव सम्पन्न होगा। पहले चरण में 19 अप्रेल को 6 सीटों पर मतदान होगा। इनमें सीधी, शहडोल, जबलपुर, मंडला, बालाघाट, छिंदवाड़ा शामिल है । इसके लिये 20 मार्च को अधिसूचना जारी होगी, 27 मार्च तक नामांकन पत्र दाखिल किये जायेंगे। 28 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच होगी, जबकि 30 मार्च तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। वहीं दूसरे चरण 26 अप्रेल को सात सीटों–टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा, होशंगाबाद, बैतूल लोकसभा क्षेत्रों में वोट डाले जायेगे। इस चरण के लिये 28 मार्च को अधिसूचना जारी होगी, 4 अप्रेल तक नामांकन पत्र दाखिल किये जायेंगे। 5 अप्रेल को नामांकन पत्रों की जांच होगी, जबकि 8 अप्रेल तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। भोपाल लोकसभा क्षेत्र में 7 मई को वोट डाले जायेगे, इसी दिन मुरैना, भिंड, ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, राजगढ़ में भी मतदान होगा। इस चरण के लिये 12 अप्रेल को अधिसूचना जारी होगी, 19 अप्रेल तक नामांकन पत्र दाखिल किये जायेंगे। 20अप्रेल को नामांकन पत्रों की जांच होगी, जबकि 22 अप्रेल तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। चौथे और अंतिम चरण का मतदान 13 मई को होगा। इस दिन मालवा निमाड़ की देवास, उज्जैन, इंदौर, मंदसौर, रतलाम, धार, खरगोन, और खंडवा सीट पर वोटिंग होगी। होगा। इस चरण के लिये 18 अप्रेल को अधिसूचना जारी होगी, 25 अप्रेल तक नामांकन पत्र दाखिल किये जायेंगे। 26 अप्रेल को नामांकन पत्रों की जांच होगी, जबकि 29 अप्रेल तक नाम वापस लिये जा सकेंगे।

विधानसभा चुनाव

चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव के साथ आज ही चार राज्यों आंध्र प्रदेश, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान भी कर दिया। अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में भी एक चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। आंध्र प्रदेश में 13 मई को एक चरण में वोटिंग होगी। ओडिशा में चार चरणों में 13 मई, 20 मई, 25 मई और एक जून को वोट डाले जाएंगे। इनके अलावा गुजरात की 5, यूपी की 4, हरियाणा, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, राजस्थान, कर्नाटक, तमिलनाडु की 1–1 विधानसभा सीट पर उपचुनाव होगा। यहां उस क्षेत्र में होने वाले लोकसभा चुनाव के साथ ही नोटिफिकेशन जारी होगा और वोटिंग होगी। सभी राज्यों में मतगणना लोकसभा चुनावों की मतगणना के साथ 4 जून को होगी।

निर्वाचन आयोग–प्रतिक्रिया

राजनीतिक दलों ने लोकसभा और कुछ राज्य विधानसभाओं के चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा का स्वागत किया है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भाजपा और एनडीए चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है। उन्होंने देश के लोगों से बड़ी संख्या में मतदान करने और विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के आधार को मजबूत करने का आह्वान किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि लोकसभा चुनाव भारत के लिए न्याय का द्वार खोलेंगे।

प्रसार भारती अध्यक्ष

प्रसार भारती के नये अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल ने आज कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद श्री सहगल ने मीडिया से कहा कि दूरदर्शन और आकाशवाणी की पहुंच दूरदराज़ के क्षेत्रों तक है और ये सूचना के भरोसेमंद स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि आम लोगों तक निष्पक्ष खबर पहुंचाना प्रसार भारती का कर्तव्य है। श्री सहगल भारतीय प्रशासनिक सेवा के उत्तर प्रदेश संवर्ग के 1988 बैच के सेवानिवृत अधिकारी हैं।

मौसम

अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से नमी आने से प्रदेश के मौसम में एक बार फिर बदलाव होने वाला है। प्रदेश में अगले 4 दिन यानी 19 मार्च तक ओले–बारिश का दौर चलेगा। आज मंडला, डिंडोरी, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिलों में बारिश के साथ ओले भी गिर सकते हैं, जबकि 40 से 50कि.मी. प्रतिघंटे की रफ्तार से आंधी चलने का अनुमान भी है। मौसम के इस बदलाव का असर जबलपुर समेत पूर्वी हिस्से के 26 जिलों में पड़ेगा। मौसम वैज्ञानिक का कहना है कि दक्षिण–पूर्वी हवाएं बंगाल की खाड़ी से मध्यप्रदेश के पूर्वी हिस्से में भी नमी ला रही है। इस वजह से बारिश, ओले और तेज आंधी चल सकती है। जबलपुर संभाग के सभी जिलों में ओलावृष्टि और बारिश होगी। पूर्वी हिस्से में मौसम बदला रहेगा। नए सिस्टम की सक्रियता से जबलपुर, रीवा और शहडोल संभाग में ज्यादा असर रहेगा, जबकि भोपाल, इंदौर, ग्वालियर–उज्जैन संभाग में हल्के बादल छा सकते हैं। नर्मदापुरम संभाग में भी मौसम बदला रहेगा।

महिला प्रीमियर लीग

महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट में कल फाइनल में, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर का मुक़ाबला दिल्ली कैपिटल्स से होगा। कल रात रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने एक रोमांचक एलिमिनेटर मुकाबले में पूर्व विजेता मुंबई इंडियंस को 5 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया था।

समाचार संक्षेप में .....

- सतना एवं मैहर जिले में लोकसभा चुनाव की घोषणा होते ही आदर्श आचरण संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनैतिक दल, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों–कर्मचारियों को आदर्श आचरण संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने की अपील की है।
- लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद खरगोन –बडवानी लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत 13 मई को मतदान होगा।
- छिंदवाड़ा जिले में कलेक्टर ने बटकाखापा के सरकारी स्कूल और हॉस्टलों का किया निरीक्षण, लापरवाही पर दो शिक्षक सहित भृत्य को किया निलबित।
- उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक परीक्षा आगरमालवा जिले में कल होगी जिसमें 32 हजार 856 परीक्षार्थी शामिल होगें।
- लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत सूचनाओं के आदान प्रदान के लिए धार और नीमच में जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। यह कंट्रोल रूम 24 घंटे कार्यरत रहेगा।
- गुना जिले के धरनावदा थाना अंतर्गत रुठियाई हाईवे पर एक सड़क दुघर्टना में दो बाइक सवार की मौत हो गयी।
- लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होते ही सीहोर जिले में धारा 144 लागू कर दी गई है।

नमस्कार।

--------------------